प्रेस–विज्ञप्ति

दिनांकः– 16.01.2023

32वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह

स्थान रिजर्व पुलिस लाईन आयुक्तालय जोधपुर
समयः– प्रातः 10.30 बजे

32 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह श्रीमान रविदत्त गौड़ पुलिस आयुक्त जोधपुर की अध्यक्षता में श्री विनीत कुमार बंसल पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर श्री चैनसिंह महेचा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात जोधपुर, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग जोधपुर के अधिकारी व कर्मचारीगण तथा एएसजी आई हॉस्पिटल के चिकित्सकगण की उपस्थिति में दिनांक 17.01.2023 को रिजर्व पुलिस लाईन आयुक्तालय जोधपुर के प्रांगण में प्रातः 10.30 बजे आयोजित किया जायेगा।

समापन समारोह में यातायात नियमों से संबंधित हॉर्डिंग बोर्ड की प्रदर्शनी तथा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी व हेलमेट की लघुफिल्म दिखाकर यातायात जागरूकता का प्रचार प्रसार किया जायेगा। कार्यक्रम में महावीर पब्लिक स्कूल जोधपुर तथा महात्मा गांधी राजकीय स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) रिजर्व पुलिस लाईन के विद्यार्थियों को प्रदर्शनी दिखाने के साथ यातायात नियमों की जानकारी दी जायेगी। पुलिस लाईन का सुमधुर बैण्ड वादन किया जायेगा। दौराने कार्यक्रम एएसजी आई हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा आखों की जॉच का शिविर आयोजित किया जायेगा।

(चैनसिंह महेचा)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर